मॉडल - (03)

विषय - भूगोल, कक्षा– 12वी

समय : 3 घंटे **पूर्णांक: 100**

निर्देश–

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न कमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें चार खण्ड है। खण्ड (अ) खण्ड (ब) खण्ड (स) खण्ड (द) प्रत्येक खण्ड में पांच प्रश्न है तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1–1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न कमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न कमांक 14 से 19 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।
5. प्रश्न कमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।
6. प्रश्न कमाकं 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।
7. प्रश्न कमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।
8. प्रश्न कमांक 20 से 27 तक के प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं प्रश्न कमांक 25 में मानचित्र अंकन है।

प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(i) भूगोल शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किस विद्वान ने किया था–

(अ) इरेटॉस्थनीज (ब) रिटर (स) हम्बोल्ट (द) रैटजेल

(ii) हार्टशोर्न का प्रमुख योगदान है–

(अ) नवीन काल में (ब) पूर्व आधुनिक काल में

(स) प्राचीन काल में (द) आधुनिक काल में

(iii) संगमरमर है –

(अ) अवसादी शैल (ब) आग्नेय शैल

(स) पातालीय शैल (द) रूपान्तरित शैल

(iv) मृदा निर्माण की प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण कारक है –

(अ) जलवायु (ब) वनस्पति (स) उच्चावच (द) समय

(v) उच्च ज्वार व निम्न ज्वार के बीच लगभग अंतर होता है –

(अ) 6 घंटे 13 मिनट (ब) 25 घंटे 25 मिनट (स) 12 घंटे (द) 24 घंटे

खण्ड (ब)

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) ठंडी और गर्म जलधाराओं के मिलने से.................... उत्पन्न होता है।

(ii) पृथ्वी सतह पर ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत .... है।

(iii) वायुदाब मापने की नई ईकाई का नाम........................ है।

(iv) पृथ्वी की वह संकरी पट्टी है जिसमें सभी प्रकार का जीवन विद्यमान है।

(v) जलीय पारितंत्र संपूर्ण पृथ्वी के .... प्रतिशत भाग को घेरे हुए है।

खण्ड (स)

उचित संबंध जोड़िए–

(i)	भारत का दक्षिणतम छोर	(अ)	चिल्का
(ii)	लैगून झील	(ब)	इंदिरा प्वाइंट
(iii)	राष्ट्रीय वननीति	(स)	खादर
(iv)	मत्स्य उद्योग	(द)	1988
(v)	नवीन जलोढ़	(इ)	नीली क्रांति

खण्ड (द)

सत्य/असत्य बताइये –

(i) फसलों को अदल–बदल कर कृषि करना फसल चक्र कहलाता है।

(ii) विश्व जनसंख्या में भारत का प्रमुख स्थान है।

(iii) प्रवासी लोगों में बहुसंख्यक पुरूष ही होते हैं।

(iv) झील में बहता होटल शिकारा कहलाता है।

(v) भारत में सबसे बड़ा जल वन्य क्षेत्र सुंदरवन है।

प्रश्न 2 भूगोल की दो शाखाएँ कौन सी हैं।

प्रश्न 3 आग्नेय शैल किसे कहते हैं ?

प्रश्न 4 प्रशांत महासागर की दो ठंडी जलधाराओ के नाम लिखिए।

प्रश्न 5 ओजोन गैस का मुख्य कार्य क्या है ?

प्रश्न 6 खाद्य पिरामिड क्या है ?

प्रश्न 7 संस्कृत साहित्य में किस पर्वत का नाम कृष्णगिरी है।

प्रश्न 8 अरावली की पहाड़ी में बसे पर्वतीय नगर का क्या नाम है ?

प्रश्न 9 संसाधन शब्द को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 10 भारत का कितना हिस्सा वनों के अंतर्गत है ?

प्रश्न 11 भूमि उपयोग के विशिष्ट लक्षण कौन–कौन से हैं।

प्रश्न 12 देश के कौन से क्षेत्र बायो गैस संयंत्रों के प्रयोग से अधिक लाभान्वित हो रहे हैं ?

प्रश्न 13 सौर ऊर्जा किसे कहते हैं ?

प्रश्न 14 अवसादी चट्टान की तीन विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 15 विषुवतीय निम्न वायुदाब पेटी की तीन विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 16 सूखे से निपटने के उपाय लिखिए। (कोई तीन)

प्रश्न 17 रेल परिवहन की तुलना में सड़क परिवहन श्रेष्ठ है क्यों ? तीन कारण लिखिए।

प्रश्न 18 टुअर गाईड की तीन विशेषताए लिखिए।

प्रश्न 19 पूर्वी तटीय मैदान एवं पश्चिमी तटीय मैदान में तीन अंतर लिखिए।

प्रश्न 20 पर्वतों का आर्थिक महत्व लिखिए (कोई चार)

अथवा

मैदानों का आर्थिक महत्व लिखिए (कोई चार)

प्रश्न 21 जैवमंडल के घटक का वर्णन कीजिए।

अथवा

पारितंत्र के प्रकारों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 22 जलोढ़ मृदा की चार विशेषताएं लिखिए।

अथवा

काली मृदा की चार विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 23 जनसंख्या वितरण एवं घनत्व को प्रभावित करने वाले चार कारकों का वर्णन कीजिए।

अथवा

जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के चार उपाय लिखिए।

प्रश्न 24 संसाधन संरक्षण से आप क्या समझते हैं ? संसाधन संरक्षण के चार उपाय लिखिए।

अथवा

ऊर्जा के किन्हीं पांच गैर परंपरागत स्त्रोतों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 25 भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए –

(i) 82 1/2^0 देशांतर रेखा

(ii) नीलगिरी पर्वत

(iii) गंगा नदी

(iv) चिल्का झील

(v) मलयालम भाषा प्रदेश (केरल)

अथवा

(i) भारत की राजधानी

(ii) कावेरी नदी

(iii) कपास उत्पादक क्षेत्र

(iv) अंडमान निकोबार द्वीप समूह

(v) डल झील

प्रश्न 26 ज्वार भाटा के प्रभाव लिखिए (कोई 06)

अथवा

महासागरीय जल के तापमान में भिन्नता एवं महासागरीय जल की लवणता में भिन्नता के तीन–तीन कारण लिखिए।

प्रश्न 27 ऑक्सीजन चक्र का सचित्र वर्णन कीजिए।

अथवा

कार्बन चक्र का सचित्र वर्णन कीजिए।